भारत सरकार
कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1286
उत्तर देने की तारीख 11 दिसंबर, 2023
सोमवार, 20 अग्रहायण, 1945 (शक)

**केंद्रीय कौशल विकास संस्थान**

**1286. श्री एंटो एन्टोनी:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार को केरल के पथनमथिट्टा जिले के तिरूवल्ला में केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता संस्थान की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्योरा क्या है और इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) देश में कार्यरत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) प्रशिक्षण संस्थानों का ब्योरा और संख्या कितनी है और विगत पांच वर्षों के दौरान उन्हें वर्ष-वार और राज्य-वार क्या सहायता प्रदान की गई है;

(घ) क्या तिरुवल्ला में कोई सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम प्रशिक्षण संस्थान कार्यशील है; और

(ङ) यदि हां, तो विगत पांच वर्षों के दौरान प्रदान किए गए पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षित प्रशिक्षुओं की संख्या सहित संस्थान का वर्ष-वार ब्योरा क्या है?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री
(श्री राजीव चंद्रशेखर)

(क) और (ख) जी, हाँ।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) भारत सरकार के कुशल भारत मिशन (सिम) के अंतर्गत, विभिन्न स्कीमों अर्थात प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन स्कीम (एनएपीएस) और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के माध्यम से शिल्पकार प्रशिक्षण स्कीम (सीटीएस) के द्वारा कौशल विकास केंद्रों/कॉलेजों/संस्थानों आदि के एक व्यापक नेटवर्क के माध्यम से देश भर में समाज के सभी वर्गों के लिए कौशल, पुनर्कौशल और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है। सिम का उद्देश्य भारत के युवाओं को भविष्य और उद्योग के लिए कौशल प्राप्त करने में सक्षम बनाना है।

देश भर में कौशल नेटवर्क का विवरण इस प्रकार है:-

| स्कीम का नाम | प्रशिक्षण केंद्र का नाम | कुल संख्या |
|---|---|---|
| पीएमकेवीवाई | पीएमकेके सहित प्रशिक्षण केंद्र | 2640 |
| जेएसएस | जेएसएस केंद्र | 288 |
| एनएपीएस | प्रतिष्ठान | 49927 (*42453) |
| सीटीएस | आईटीआई | 15016 |

*49927 में से, 42453 अद्वितीय प्रतिष्ठानों ने शिक्षुओं को नियुक्त किया

कौशल प्रदान करने के लिए अतिरिक्त क्षमता और संस्थानों की समय-समय पर अन्य मंत्रालयों, कॉलेज और विश्वविद्यालयों के संस्थानों के साथ काम करके बनाए जाते हैं।

(ग) सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान (एनआई-एमएसएमई), हैदराबाद वर्ष 1960 से कार्य कर रहा है। एमएसएमई की प्रशिक्षण संस्थान (एटीआई) स्कीम के तहत जारी निधि का विवरण निम्न प्रकार हैं:

| करोड़ रुपए में | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **2018-19** | **2019-20** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** |
| 1.01 | 2.40 | 2.45 | 2.86 | 2.54 |

इसके अलावा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने देश के विभिन्न राज्यों में 23 प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित किए हैं। विशेषज्ञता के क्षेत्र के साथ प्रौद्योगिकी केंद्रों का राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ) और (ङ) वर्तमान में, प्रक्रिया और उत्पाद विकास केंद्र, आगरा (पीपीडीसी, आगरा) का एक विस्तार केंद्र तिरुवल्ला में कार्यरत है। सीएफवाई सहित पिछले पांच वर्षों के दौरान विस्तार केंद्र में प्रशिक्षित शिक्षुओं की संख्या का विवरण इस प्रकार है:

| 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 (30.11.2023) |
|---|---|---|---|---|
| 520 | 811 | 1060 | 1493 | 566 |

विस्तार-केंद्र द्वारा प्रस्तावित पाठ्यक्रमों की सांकेतिक सूची इस प्रकार है:

| क्र.सं. | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम |
|---|---|
| 1 | एनआईईएलआईटी (ओ लेवल कंप्यूटर एप्लीकेशन कोर्स) |
| 2 | मशीन ऑपरेशन में सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ) |
| 3 | इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण तकनीशियन (एनएसक्यूएफ) |
| 4 | विद्युत उपकरण तकनीशियन (एनएसक्यूएफ) |
| 5 | लीन सिक्स सिग्मा ग्रीन बेल्ट |
| 6 | इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन |
| 7 | कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग में उन्नत डिप्लोमा |
| 8 | ऑटो कैड, 3डी प्रिंटिंग, पीएलसी प्रोग्रामिंग, कैटिया, जावा, एएनएसवाईएस, स्काडा, 3डीएस मैक्स (एनएसक्यूएफ छूट प्राप्त) |
| 9 | सीसीटीवी स्थापना एवं अनुवीक्षण |
| 10 | सीएनसी टर्निंग में सर्टिफिकेट कोर्स (एनएसक्यूएफ) |
| 11 | ग्राफ़िक्स एवं वेब डिज़ाइनिंग (एनएसक्यूएफ) |
| 12 | जीएसटी से मिलान करना |
| 13 | स्वर्ण मूल्यांकन |
| 14 | खाद्य विश्लेषण एवं गुणवत्ता नियंत्रण |
| 15 | रूफ टॉप सोलर पीवी पर अपना खुद का व्यवसाय |
| 16 | आयुष उत्पादों की पैकेजिंग, विपणन और निर्यात संवर्धन पर जागरूकता |
| 17 | डिजिटल विज्ञापन, जीएसटी और जीईएम पर जागरूकता |
| 18 | डिजिटल मार्केटिंग पर उद्यमिता आधारित प्रशिक्षण |
| 19 | ईएसडीपी - रेफ्रिजरेशन और एयर कंडीशनिंग की मरम्मत और रखरखाव |
| 20 | आयकर व्यवसायी |
| 21 | निर्यात आयात प्रक्रियाएं और दस्तावेज़ीकरण |

अनुबंध –I

**दिनांक 11.12.2023 को पूछे गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1286 के संदर्भ में एमएसएमई मंत्रालय द्वारा स्थापित प्रौद्योगिकी केंद्रों का ब्यौरा**

| क्र.सं. | राज्य | संस्थान का नाम | विशेषज्ञता का क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | आंध्र प्रदेश | एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, पुडी, विजाग, आंध्र प्रदेश | सामान्य इंजीनियरिंग |
| 2. | | उपकरण कक्ष एवं प्रशिक्षण केंद्र (टीआरटीसी), गुवाहाटी, असम | सामान्य इंजीनियरिंग |
| 3. | असम | इंडो जर्मन टूल रूम (आईजीटीआर), अहमदाबाद, गुजरात | सामान्य इंजीनियरिंग (ऑटो पार्ट्स और प्लास्टिक घटक) |
| 4. | गुजरात | एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, रोहतक, हरियाणा | सामान्य इंजीनियरिंग |
| 5. | हरियाणा | इंडो डेनिश टूल रूम (आईडीटीआर), जमशेदपुर, झारखंड | सामान्य इंजीनियरिंग (ऑटो पार्ट्स- धातु) |
| 6. | महाराष्ट्र | इंडो जर्मन टूल रूम (आईजीटीआर), इंदौर, मध्य प्रदेश | सामान्य इंजीनियरिंग (ऑटो पार्ट्स और फार्मास्युटिकल – प्लास्टिक) |
| 7. | | एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, भोपाल | सामान्य इंजीनियरिंग |
| 8. | मध्य प्रदेश | एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, भोपाल | सामान्य इंजीनियरिंग (ऑटो पार्ट्स और फार्मास्युटिकल – प्लास्टिक) |
| 9. | | एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, भोपाल | सामान्य इंजीनियरिंग |
| 10. | ओडिशा | केंद्रीय उपकरण कक्ष एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीटीटीसी), भुवनेश्वर, ओडिशा | सामान्य इंजीनियरिंग (एयरोस्पेस प्रिसिजन कंपोनेंट्स) |
| 11. | पंजाब | केंद्रीय उपकरण कक्ष (सीटीआर), लुधियाना, पंजाब | सामान्य इंजीनियरिंग (ऑटो पार्ट्स- मेटल) |
| 12. | | सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ हैंड टूल्स (सीआईएचटी), जालंधर, पंजाब | हैंड टूल्स |
| 13. | पुदुचेरी | एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, पुदुचेरी | इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिज़ाइन और विनिर्माण |
| 14. | राजस्थान | एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र, भिवाड़ी, राजस्थान | ऑटो घटक |
| 15. | तमिलनाडु | केंद्रीय फुटवियर प्रशिक्षण संस्थान (सीएफटीआई), चेन्नई, तमिलनाडु | जूते |
| 16. | तेलंगाना | सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ टूल डिज़ाइन (सीआईटीडी), हैदराबाद, तेलंगाना | सामान्य इंजीनियरिंग (स्वचालन) |
| 17. | उत्तर प्रदेश | उत्पाद एवं प्रक्रिया विकास केंद्र (पीपीडीसी), आगरा, उत्तर प्रदेश | फाउंड्री और फोर्जिंग |
| 18. | | सुगंध एवं स्वाद विकास केंद्र (एफएफडीसी), कन्नौज, उत्तर प्रदेश | खुशबू और स्वाद |
| 19. | | प्रक्रिया सह उत्पाद विकास केंद्र (पीपीडीसी), मेरठ, उत्तर प्रदेश | खेल का सामान |
| 20. | | कांच उद्योग विकास केंद्र (सीडीजीआई), फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश | कांच उद्योग |
| 21. | | केंद्रीय फुटवियर प्रशिक्षण संस्थान (सीएफटीआई), आगरा, उत्तर प्रदेश | जूते |
| 22. | उत्तराखंड | इलेक्ट्रॉनिक्स सेवा और प्रशिक्षण केंद्र (ईएसटीसी), रामनगर, उत्तराखंड | इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिज़ाइन एवं विनिर्माण (ईएसडीएम) |
| 23. | पश्चिम बंगाल | सेंट्रल टूल रूम एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीटीटीसी), कोलकाता, पश्चिम बंगाल | सामान्य इंजीनियरिंग |

*****